# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**दिनांक 25.08.2023 (शुक्रवार) को अपराह्न 03:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की बैठक संख्या 08/2023 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः—**

बैठक में सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ—सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ, डॉ0 शर्वेश पाण्डेय, प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ व डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी, प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ ने वर्चुअल माध्यम तथा शेष सभी सदस्यों ने भौतिक रूप से प्रतिभाग किया।

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | डॉ0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 यादवेन्द्र कुमार आर्य | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ—सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | श्री केश लाल | का0 वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | विशेष आमंत्रित |
| 8. | श्री विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक—1967/कु0का0/2023, दिनांक 14.08.2023) व कार्यसूची ई—मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**मद सं0 1–** दिनांक 20.07.2023 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 07.08.2023 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 07.08.2023 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 3–** दिनांक 07.08.2023 व 10.08.2023 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठकों के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–3)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 07.08.2023 व 10.08.2023 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 4–** दिनांक 25.08.2023 को सम्पन्न होने वाली वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किये जाने पर विचार। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 25.08.2023 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(विशेश्वर प्रसाद)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद

मा० कुलपति जी
अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।
25.08.23

Approved.
25.08.23